प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत लगाये जा रहे शहरी सेवा शिविरों में पहले दिन ही लगभग दस हजार मामलों का निस्तारण किया गया।
- राज्य सरकार ने एमएसपी पर गेहूं खरीद की अवधि बढ़ाकर 19 जून तक की।
- रेलवे भर्ती बोर्ड की सभी विभागीय परीक्षाएं अब से कम्प्यूटर आधारित होंगी।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बरसात हुई–हनुमानगढ में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि।

00000

प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किये जा रहे शहरी सेवा शिविरों में पहले दिन ही लगभग दस हजार मामलों और शिकायतों का निस्तारण किया गया है। स्वायत्त शासन विभाग के अनुसार, इन शिविरों में पट्टा, नामांतरण और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। कल आयोजित शिविरों में पट्टा और भूमि से जुड़े 1 हजार 173 मामलों तथा नामांतरण और भू–उपयोग परिवर्तन के 1 हजार 491 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा, जनसेवाओं से जुड़ी 6 हजार से अधिक शिकायतों का भी एक ही दिन में समाधान हुआ। इनमें जन्म–मृत्यु और विवाह पंजीयन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत और आवारा पशुओं से संबंधित शिकायतें मुख्य रूप से शामिल हैं। पाली जिले में आयोजित एक शिविर में पशुपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि ये शिविर नागरिक सेवाओं को पारदर्शी, त्वरित और सुगम बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

.....

00000

राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर गेहूं खरीद की अवधि बढ़ाकर 19 जून तक कर दी है। पहले खरीद 10 जून तक की जानी थी। खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के अनुसार ऐसे सभी पंजीकृत किसान जिनका गेहुं अभी तक नहीं बिक पाया है वे बढ़ी हुई तारीख तक अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेच सकते है। विभाग ने गेहूं खरीद का लक्ष्य भी 23 लाख 50 हजार से बढ़ाकर 28 लाख 50 हजार मीट्रिक टन कर दिया है। इसमें अब तक 3 लाख से अधिक किसानों से 25 लाख 90 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है।

**0000**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि **राष्ट्र प्रथम** की भावना और समाज के प्रति संवेदनशीलता ही एक सच्चे नागरिक की सबसे बड़ी पहचान होती है। श्री शर्मा ने जयपुर में फिल्म '**भारत भाग्य विधाता**' की विशेष स्क्रीनिंग के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह फिल्म देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले गुमनाम नायकों की प्रेरक गाथा है। इसमें 26द्11 आतंकी हमले और कोविड महामारी के दौरान चिकित्सकों, नर्सों और सुरक्षाकर्मियों के त्याग, साहस और सेवाभाव को प्रमुखता से दिखाया गया है।

0000

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने **राइजिंग राजस्थान** के तहत हुए एमओयू को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार का उद्देश्य राजस्थान को वैश्विक पर्यटन के मानचित्र पर शीर्ष स्थान दिलाना है। उपमुख्यमंत्री ने सचिवालय में पर्यटन, कला–संस्कृति और पुरातत्व विभाग की 15 प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने पुष्कर विकास परियोजना, महाराणा प्रताप सर्किट, आमेर मास्टरप्लान, झुंझुनूं वॉर म्यूजियम, अल्बर्ट हॉल के विकास और शिल्पग्राम पुनर्विकास जैसी परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करने पर जोर दिया।

0000

रेलवे बोर्ड की सभी विभागीय परीक्षाएं अब से पूरी तरह से ऑनलाइन होंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे भर्ती बोर्ड–आरआरबी की चयन प्रक्रिया की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक और तेज बनाने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा–सीबीटी **मोड पर करायी जायेगी।** इसके साथ ही, भविष्य में टैबलेट आधारित परीक्षाओं का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। रेल मंत्री ने चयन प्रक्रिया में तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया है। श्री वैष्णव ने बताया कि खाली पदों की जानकारी देने के लिए रेलवे द्वारा जारी किए गए वार्षिक भर्ती कैलेंडर को भी उम्मीदवारों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

00000

कैबिनेट सचिव डॉ. टी. वी. सोमनाथन ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक के साथ नीट की पुनरू परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की है। नीट की यह परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। समीक्षा बैठक में कैबिनेट सचिव ने कहा कि परीक्षा में बाधा डालने या इसके साथ छेड़छाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ–साथ  जिला प्रशासन परीक्षा कराने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले श्री सोमनाथन ने एक जून को केंद्र सरकार के सचिवों और चार जून को राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ भी बैठक की थी। इन बैठकों का उद्देश्य परीक्षा में समन्वय और विश्वसनीयता बनाए रखना है। इस बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस बार नीट की परीक्षा अवधि में भी बदलाव किया है। अब इस परीक्षा की अवधि 3 घंटे से बढाकर सवा तीन घंटे कर दी गई है।

00000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन–डीआरडीओ को लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल रोधी और मध्यम दूरी की पोत–रोधी क्षमता का प्रदर्शन करने वाले लगातार तीन सफल परीक्षणों के लिए बधाई दी है। ये बात उन्होंने कल हैदराबाद में डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला में उन्नत हथियार प्रणाली परिसर के उद्घाटन के दौरान कही। श्री सिंह ने कहा कि इन परीक्षणों ने भारत को अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल हमले रोकने में सक्षम विशिष्ट देशों के समूह में शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी प्रक्षेपास्त्र प्रणालियों का असाधारण प्रदर्शन भारत की रक्षा अनुसंधान और विकास व्यवस्था की बढ़ती शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत अब देश विरोधी ताकतो को मुंह तोड़ जवाब देने की नीति पर काम कर रहा है।

.....

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बरसात हुई। राजधानी जयपुर में देर रात से शुरू हुआ बरसात का दौर रूक–रूक कर सुबह तक जारी है। पाली में अल सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सोजत रानी राणावास सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बरसात हुई। कोटपूतली–बहरोड़ में देर रात तक बरसात होती रही। इससे निचले इलाको में पानी भर गया। **बारां** के शाहबाद कस्बे में कल दो घंटे तक बरसात हुई। नागौर में देर रात तेज अंधड चला और बरसात हुई। बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई है। हनुमानगढ़ में कई जगह ओले भी गिरे। साथ ही कई जगह अंधड के कारण बिजली के खम्भे उखड गए।

.....

मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए प्रदेश के 16 शहरों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि, राज्य के कुछ पश्चिमी हिस्सों को गर्मी से अब भी निजात नहीं मिली है। वहां उमस भरी गर्मी जनजीवन को प्रभावित कर रही है।

00000